-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 17.05.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **थाना जसपुरा पुलिस द्वारा भैंस/पड़वा/बकरी आदि जानवरों की चोरी करने वाले अन्तर्जनपदीय गिरोह के एक सदस्य को किया गया गिरफ्तार। अभियुक्त के कब्जे से चोरी की भैंस बिक्री के करीब 35 हजार रुपए बरामद।**
- **अभियुक्त द्वारा अपने साथियों संग मिलकर बांदा व आस-पास के जनपदों में भैंस/पड़वा/बकरी आदि जानवरों की चोरी की घटना को दिया गया था अंजाम।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 17.05.2026 को थाना जसपुरा पुलिस द्वारा भैंस/बकरी आदि जानवरों की चोरी करने वाले अन्तर्जनपदीय गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार कर लिया गया है। गौरतलब हो कि थाना जसपुरा पुलिस को गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि जसपुरा झंझरी पुरवा मार्ग पर जंगल में एक व्यक्ति लेटा है जो बांदा व आस-पास के जनपदों में भैंस/पड़वा/बकरी आदि जानवरों की चोरी करता है। सूचना पर तत्काल पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर घेराबन्दी करते हुए व्यक्ति को पकड़कर नाम पता पूछते हुए तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से कुल 34 हजार 900 रुपए बरामद हुए। पुलिस द्वारा सूनसान स्थान पर लेटने व बरामद रुपए के बारे में पूछताछ की गई तो अभियुक्त द्वारा अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया गया कि उसने अपने एक अन्य साथी के पशु चोरी की नियत से घूमते रहते है। दिनांक 20/21.04.2026 की रात्रि में ग्राम खप्टिहांखुर्द से भैंस व पड़वा चोरी करके अपने गांव कानाखेड़ा ले गया जिसे बाद में एक अज्ञात व्यक्ति को बेच दिया था, ये उसी भैंस व पड़वा चोरी की बिक्री से प्राप्त रुपए है। पुलिस द्वारा कड़ाई व गहनता से पूछताछ करने पर अभियुक्त द्वारा बताया गया कि वह अपने साथी के साथ मिलकर बांदा के जसपुरा, पैलानी व चिल्ला आदि क्षेत्रों के साथ-साथ जनपद फतेहपुर में भी भैंस/पड़वा/बकरी आदि जानवरों की चोरी करता है। इस सम्बन्ध में पुलिस द्वारा गहनता से जांच की जा रही है कि अभियुक्तों द्वारा और कहाँ-कहाँ जानवर चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया गया है।

बरामदगी-

- 34 हजार 900 रुपए (भैंस/पड़वा चोरी की बिक्री से प्राप्त)

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. अनिल पुत्र शिवबरन निवासी कानाखेड़ा थाना पैलानी जनपद बांदा।

पंजीकृत अभियोग-

- मु0अ0सं0 72/26 धारा 303(2)352/351(3)/317(2) बीएनएस थाना जसपुरा जनपद बांदा।

आपराधिक इतिहास अभियुक्त अनिल उपर्युक्त-

1. मु0अ0सं0 42/26 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना जाफरगंज जनपद फतेहपुर।
2. मु0अ0सं0 196/26 धारा 115(2)/352/351(2) थाना पैलानी जनपद बांदा।

गिरफ्तारी करने वाली टीम-

1. उ0नि0 श्री यादवेन्द्र प्रताप सिंह
2. कां0 गोरख प्रसाद
3. कां0 विपिन कुमार
4. रि0कां0 दीपक यादव